तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई, 2025

11 5 और बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा पर अयोध्या भेजा



12 ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को सशक्त कर रही सरकार



## खबर संक्षेप

### नवीन की हत्या में एक और आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने गांव हिंदवान निवासी नवीन की हत्या मामले में एक अन्य आरोपी गांव के ही अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश के अनुसार, उक्त आरोपी अनिल कुमार 14 जून की सुबह हुई वारदात में शामिल था, जिसमें नवीन की हत्या कर दी गई थी तथा उसके परिवारजनों पर भी जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं। अब तक इस मामले में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गत 14 जून को शाम के समय गांव हिंदवान में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पता चला कि नवीन, सावित्री और राजबीर को धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल किया गया, जिन्हें उपचार के लिए हिसार अस्पताल ले जाया गया।

### स्टाफ ने स्कूल को भेंट किए चार इंवर्टर बैटरी

**हांसी।** निम्बो देवी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाय बोलान में समस्त स्टाफ ने मिलकर गर्मी के मौसम को देखते हुए लड़कियों के लिए चार इनवर्टर बैटरी विद्यालयों को भेंट की। विद्यालय प्राचार्य वीरेंद्र बेनीवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए बच्चों के प्रति उनकी सकारात्मक सोच तथा इस उमस भरी गर्मी में बच्चों के लिए बिजली की व्यवस्था करने के लिए पूरे स्टाफ की प्रशंसा की। उन्होंने स्कूल स्टाफ सदस्यों का इंवर्टर बैटरी भेंट करने के लिए धन्यवाद किया।

### डाबड़ा और सेक्टर 16-17 से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत कैमरी रोड से अतिक्रमण हटाने से की टीम ने अतिक्रमण के साथ अवैध होर्डिंग में रोड से हटाए। इसके बाद टीम ने सेक्टर 16-17 से अतिक्रमण हटाया और रोड से अवैध होर्डिंग हटाए। इसके पश्चात टीम ने डाबड़ा चौक से तोशाम रोड आईटीआई तक अतिक्रमण हटाया। इसके अलावा टीम ने आईटीआई चौक से जिन्दल चौक व न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन और मॉडल से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।

### बेसहारा मवेशियों को भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन की तरफ से शुक्रवार को सेक्टर 9-11 व तारानगर के आसपास के एरिया में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। टीम के एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान टीम ने 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### गढ़ी गांव के पास ट्रक से टक्कर के बाद पायलट स्कॉर्पियो हुई क्षतिग्रस्त

# मंत्री के काफिले को छोड़कर आ रही गाड़ी का एक्सीडेंट, सब इंस्पेक्टर सहित तीन कर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गढ़ी गांव के समीप शुक्रवार अल सुबह करीब दो बजे ट्रक से टक्कर के बाद पुलिस की स्कॉर्पियो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

टक्कर से गाड़ी के परखच्चे उड़ गए तथा गाड़ी में सवार एक सब इंस्पेक्टर सहित तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच घायल सब इंस्पेक्टर राजकुमार और सिपाही विजय को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल पुलिस कर्मियों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। घायल एसपीओ धर्मपाल को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन पुलिसकर्मियों ने बताया कि वे पीडब्ल्यूडी मंत्री के काफिले को छोड़कर कर वापस लौट रहे थे। उनके आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिस वजह से उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे से टकरा गई।



हांसी। ट्रक से टक्कर में क्षतिग्रस्त पायलट स्कार्पियो।

### मंत्री के पीए ने उठाए पुलिस कर्मियों के दावे पर सवाल

हालांकि पुलिसकर्मियों के इस दावे पर मंत्री के पीए ने सवाल खड़े किए हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री के पीए अरुण कुमार का कहना है कि मंत्री रणबीर गंगवा गुरुवार को भिवानी में होने वाले महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के राज्य स्तरीय समारोह का न्योता देने तथा प्रजापति समाज के लोगों के साथ बैठक करने के लिए रेवाड़ी गए थे। वापिस लौटते समय इस पायलट गाड़ी ने रात 9.55 बजे हमें रामायण टोल प्लाजा पर छोड़ दिया था और मंत्री रात 10.20 बजे घर पहुंच गए थे लेकिन, पुलिस की गाड़ी का एक्सीडेंट रात दो बजे हुआ। इसलिए इस मामले में पुलिस कर्मचारी जरूर कुछ छिपा रहे है। ऐसे में पुलिस कर्मचारियों पर सवाल उठ रहे हैं कि वह 4 घंटे तक कहां रुके हुए थे।

एसपी अमित यशवर्धन ने मामले की जांच खुद अपने हाथ में ले ली है। घायल पुलिसकर्मियों से बातचीत कर यह भी पता लगाया जाएगा कि उनकी कितने बजे तक ड्यूटी थी, कहां ड्यूटी थी और ये कहां पाए गए थे।



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन एसआई राजकुमार व कांस्टेबल विजय कुमार।

### मंत्री के काफिले को एस्कॉर्ट कर रही थी पायलट गाड़ी

पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा गुरुवार रात को रेवाड़ी से हिसार लौट रहे थे। देर रात मंत्री का काफिला नेशनल हाईवे 152डी से होते हुए हिसार आ रहा था। इस बीच हांसी जिला पुलिस की पीसीआर गाड़ी ने गढ़ी गांव से हांसी के रामायण टोल प्लाजा तक मंत्री के काफिले को एस्कॉर्ट किया।

### रोहतक की तरफ जा रही थी गाड़ी

ये गाड़ी मंत्री के काफिले को रामायण टोल प्लाजा पर छोड़कर वापस रोहतक की तरफ जा रही थी। घायल पुलिसकर्मियों का कहना है कि जैसे ही उनकी गाड़ी गढ़ी बस स्टेंड के नजदीक पहुंची तो ब्रेकर पर आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाई। इससे पायलट गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### हादसे में तीन घायल, एक गंभीर

दुर्घटना में एसआई समेत तीन कर्मचारी घायल हो गए। एक की हालत नाजुक है। घायल सब इंस्पेक्टर राजकुमार और सिपाही विजय को पहले हांसी के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हिसार रेफर कर दिया गया वहीं, तीसरे घायल एसपीओ धर्मपाल को उनके परिजनों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। धर्मपाल की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### नहीं हुए घायलों के बयान दर्ज

सोरखी चौकी के इंचार्ज एएसआई सम्मत सिंह ने बताया कि दो घायलों का हिसार के नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल अभी तक किसी के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। ड्राइवर ट्रक समेत मौके से फरार हो गया है। मामले की जांच व घायलों के बयान के बाद ही घटना की पूरी सच्चाई सामने आ पाएगी।

## एचएयू के 14 विद्यार्थियों का लाखों के सालाना पैकेज पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

- कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिन 14 विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनमें एलटी फूड्स में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर सत्यम पटेल का चयन 6.5 लाख वार्षिक, महिंद्रा एंड महिंद्रा में जीएईटी के पद पर युगल का चयन 5.75 लाख वार्षिक, सोनालिका ट्रैक्टर्स में जीईटी के पद पर दर्शन बाजीगर व हर्ष कुमार का चयन 5 लाख रुपए वार्षिक, हाइपर प्योर बाय जोमैटो में केटेगरी एसोसिएट के पद पर जितेश सैनी, राहुल यादव व स्मृतिरेखा माझी का चयन 4.5 लाख रुपये वार्षिक, बेयर क्रॉपसाइंस लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी के पद पर हितेश सैनी तथा रमन कुमार का चयन चार लाख रुपए वार्षिक, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर प्रवेश व प्रीतम का चयन 3.5 लाख रुपये वार्षिक तथा बजाज अलायन्स में सीनियर सेल्स मैनेजर के पद पर कोमल यादव, सुनैना रानी व अंकित का चयन 3 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

## टेक्सट मैसेज फॉरवर्ड कर 2.23 लाख की ठगी के मामले में तीन और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

साइबर थाना पुलिस ने टेक्सट मैसेज के माध्यम से ठगी कर 2.23 लाख की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में की गई धोखाधड़ी के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिला के संकट मोचन नगर निवासी विवेक यादव, रोहित यादव एवं सत्यम यादव के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि आरोपी विवेक यादव ने अपने भाई रोहित यादव के साथ मिलकर अपना बैंक खाता कमीशन पर पहले से गिरफ्तार आरोपी मनीष राजपूत को बेचा था। वे मनीष के कार्यालय में कार्यरत थे तथा धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि को अन्य खातों में ट्रांसफर करने और निकासी में सहयोग करते थे। बैंक खाता का एक्सेस भी इन्हीं के पास था। इसी प्रकार आरोपी सत्यम यादव ने भी अपना बैंक खाता कमीशन पर मनीष राजपूत को उपलब्ध करवाया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में 24 मार्च 2024 को साइबर थाना को शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता हिसार निवासी एक सेवानिवृत बैंक कर्मचारी ने बताया कि 21 मार्च की सुबह जब उन्होंने अपने मोबाइल पर बैंक खाता चेक किया, तो पता चला कि उनके खाते से तीन संदिग्ध ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 2 लाख 23 हजार राशि अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर हो चुकी है। मोबाइल चेक करने पर पाया गया कि उनके फोन से किसी अज्ञात नंबर पर टेक्सट मैसेज भी फॉरवर्ड किए गए थे। शिकायत के बाद साइबर थाना में केस दर्ज करके जांच आरंभ की गई। अब तक इस मामले में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनसे एक स्कॉर्पियो वाहन तथा 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।




## गुजवि के बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के तीन विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए टोयो इंक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के तीन विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की सराहना की। प्लेसमेंट ड्राइव के भाग के रूप में टोयो इंक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की एचआर मैनेजर नेहा चौधरी द्वारा एक प्री-प्लेसमेंट सत्र आयोजित किया गया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के 22 विद्यार्थियों ने बहु-चरणीय चयन प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डा. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के आदर्श पांडेय, दीपाली गर्ग व गौतम कुमार जे शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों को 4.25 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज प्रदान किया गया है।



आदर्श पांडे



आदर्श पांडे



आदर्श पांडे




### टेक्सटाइल प्रोसेसिंग विभाग के सभी विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के टेक्सटाइल प्रोसेसिंग विभाग के सत्र 2022–25 के सभी विद्यार्थियों का ऑन/ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट आयोजित की गई। यह विभाग की बड़ी उपलब्धि है, जिसमें सभी विद्यार्थियों को भारत की प्रतिष्ठित टेक्सटाइल प्रोसेसिंग कंपनियों में रोजगार मिला है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी। टीपीओ पारितोष पाराशर एवं विभागाध्यक्ष मनदीप नागपाल ने जानकारी दी कि विद्यार्थियों को 3.8 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज प्राप्त हुआ है, जोकि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विभाग की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष कंप्यूटर, डॉ. मुकेश बंसल, लेक्चरर कनक प्रभा, लेक्चरर रमेश शर्मा, एटीपीओ संजय सिगड़ सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## बाइक इंपाउंड, 23,500 रुपये का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती

ट्रैफिक पुलिस हांसी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए हिसार चुंगी पर बिना कागजात के मोटरसाइकिल चालक का 23,500 रुपये का चालान किया है।

हांसी ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को कागजात जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि मोटरसाइकिल पर नम्बर प्लेट नही लगी हुई तथा चालक ने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था और उसके पास मोटरसाइकिल का एक भी कागजात नहीं था। जिस पर मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर उसका 23,500 रुपए का चालान किया गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।

## स्वर्णिम भारत फाउंडेशन का मेहंदी लगाना सीखने का 15 दिवसीय शिविर 7 जुलाई से

- हिसार में 20 केंद्र निर्धारित किए गए : अनिल गोयल

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच के प्रकल्प स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा 7 जुलाई से 15 दिवसीय मेहंदी लगाना सीखने का शिविर शुरू किया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि मेहंदी कला सीखने के लिए हिसार में 20 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

इन केंद्रों में सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक विशेषज्ञ मेहंदी लगाने की कला का प्रशिक्षण देंगी। मोना जैन, रिचा जांगड़ा, सुमन ऐरन व प्रवीन कुमारी इन शिविरों का संयोजन कर रही हैं। 15 दिन तक प्रशिक्षण की इस मुहिम के लिए हिसार के सैनियान मोहल्ला, एमसी कॉलोनी, न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन, पटेल नगर, आजाद नगर, बारह क्वार्टर रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रेड स्क्वायर मार्केट, जैन गली, सुंदर नगर, अर्बन एस्टेट-दो, सेक्टर-15, ऋषि नगर, कैमरी रोड, मिल गेट, डीएन कॉलेज रोड, सेवा भारती के लाडवा, दीप नगर, सत्य नगर में स्थित सेंटर, सातरोड व मंगाली आकलान में स्वावलंबन केंद्र बनाए गए हैं।

### खेत मालिक और ग्रामीणों ने बिजली अधिकारियों पर जड़े आरोप

# जेसीबी का पंजा बिजली लाइन को छुआ, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बरवाला

क्षेत्र के गांव राजली में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खेत में नाली बनाने का काम कर रही जेसीबी मशीन का पंजा अचानक खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की नीचे झुकी तार से टकरा गया।

गनीमत रही कि ड्राइवर ने समय रहते सतर्कता दिखाते हुए मशीन से नीचे कूदकर जान बचा ली। यदि थोड़ी सी भी देर हो जाती, तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। गांव राजली में एक खेत में मिट्टी समतल आदि करने का कार्य चल रहा था। उसी दौरान जेसीबी का ऊपरी हिस्सा बिजली की नीचे लटकती तार से छू गया। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन जेसीबी ड्राइवर की सतर्कता से बड़ा नुकसान टल गया।




बरवाला। खेत में काम करते जेसीबी व बिजली लाइन से छुआ उसका पंजा।


### बिजली लाइन से स्थिति बेहद खतरनाक

खेत मालिक अजय बूरा ने बताया कि उनके खेतों से होकर एक पुरानी बिजली लाइन गुजरती है, जिसकी स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि बिजली खंभों के बीच की दूरी लगभग 300 फीट है, और खंभों की संख्या कम होने के कारण बिजली की तारें काफी नीचे झुकी हुई हैं। स्थिति यह है कि तारों को हाथ से भी छुआ जा सकता है।

### 4 साल से कर रहा हूं शिकायत : अजय

अजय ने बताया कि पिछले चार वर्षों से वह इस संबंध में बिजली निगम से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि खेतों में जब भी कोई कार्य किया जाता है, तो हर बार हादसे की आशंका बनी रहती है।

**जल्द स्थाई समाधान की मांग:** गांववासियों और खेत मालिकों ने बिजली विभाग से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि खंभों की संख्या बढ़ाकर दूरी कम की जाए और बिजली की तारों को खींचकर ऊंचा किया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

## लाइफ Style



# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में

**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

## टीवी मसाला



# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद- इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



## टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

## सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

## फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

## स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप

### हड़ताल में भागीदारी करेगी यूनियन : प्रधान

**हिसार।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक हिसार डिपो कर्मशाला में राज्य प्रधान मायाराम उनियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने की। बैठक में राज्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों व सभी डिपो कमेटियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन के विस्तार और सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान मायाराम उनियाल ने कहा कि ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 9 जुलाई की हड़ताल में पूर्ण रूप से भागीदारी करेगी। बैठक में राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा, जोगिंद्र ढुल, अरुण शर्मा, रघुबीर पंजाबी, रणजीत करोडा, अनूप सातरोड़, रामफल सिकरवाल, सतबीर यादव, राजेंद्र कंबोज आदि मौजूद थे।

### हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

**बरवाला।** राज्य कमेटी आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सब डिवीजन बाडो पट्टी के प्रांगण में सब यूनिट एएचपीसी वर्कर यूनियन की मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जयवीर खेदड़ द्वारा की गई और संचालन सचिव कुलदीप पंघाल द्वारा किया गया। उपप्रधान सूबे सिंह कादयान, जगमिंदर पुनिया, यूनिट से विजेंद्र पुनिया, रविन्द्र बिश्नोई व रमेश जौहर आदि ने कर्मचारियों को अपने सम्बोधन में कर्मचारियों की मांगों व मुद्दों के बारे में बताया और 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

### विश्वकर्मा पांचाल समिति की वार्षिक बैठक कल

**हिसार ।** विश्वकर्मा पांचाल समिति की वार्षिक बैठक 6 जुलाई को सुबह 9 बजे पांचाल छात्रावास के प्रांगण में होगी। समिति के प्रधान सुधीर पांचाल ने बताया कि बैठक में समिति के सभी आजीवन सदस्यगण, संस्थापक सदस्य व कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहेंगे। सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए अहम फैसलों पर चर्चा की जाएगी। साथ में समाज में फैली हुई कुरीतियों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा तथा अहम मुद्दों पर ठोस कदम उठाते हुए प्रस्ताव पास किए जाएंगे।

### एचएयू सफाई कर्मचारी यूनियन ने जताया आभार

**हिसार ।** एचएयू सफाई कर्मचारी यूनियन कार्यकारिणी की बैठक प्रधान अनित कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व मैंबर्स ने भाग लिया। महासचिव अमित कुमार ने बताया कि हमारे एचकेआरएन के सभी सफाई कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण पत्र लग चुके हैं। सफाई कर्मचारी यूनियन इसके लिए एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का आभार जताया। बैठक में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों जिसमें वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र कागड़ा, कैलाश जेदिया, पवन, भंवरलाल, अमित अठवाल, चन्द्रबोस, राजेश, राजपाल चौहान, आकाश अठवाल, कमल, जोगिन्द्र टांक, नरेश लोहरा, दीपक औमप्रकाश, आदि ने भाग लिया।

गुम हुए 60 मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे

# 10 लाख से अधिक कीमत के हैं बरामद किए गए मोबाइल फोन

- मोबाइल फोन बरामद होने पर लोगों ने पुलिस का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा द्वारा मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन के इएमआई नंबर के आधार पर जांच करते हुए 60 मोबाइल फोन खोज निकाले।

साइबर पुलिस द्वारा बरामद किए गए करीब 10 लाख रुपये के गुमशुदा 60 मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को असल मालिकों को अपने कार्यालय में बुलाकर कर उनके हवाले किए। मोबाइल फोन बरामद होने के बाद उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि साइबर पुलिस ने लगभग 10 लाख रुपये के गुम हुए 60 मोबाइल फोन खोजकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर सेल द्वारा बरामद किए गए मोबाइल फोन में एक फोन ऐपल एक्स, तीन फोन एस सीरिज सैमसंग व तीन फोन वन प्लस के तथा इसके अतिरिक्त सभी फोन कम से कम 12000 रुपये से अधिक की कीमत के हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि पुलिस जिला हांसी की साइबर सेल टीम ने मोबाईल गुम होने की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके फोन को असल मालिकों को सौंपे गए है।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धनने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को न सौंपे ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र में दर्ज कराएं।


**हांसी ।** अपने कार्यालय में लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन

# ट्रस्ट ने 5 और बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा पर अयोध्या भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजे जाने की कड़ी में शुक्रवार को छठी बार पांच और बुजुर्गों को भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में ओमप्रकाश, रामकुमार, भगवती, बिमला देवी व जसपाल कौर शामिल है। इससे पहले पांच बार में 36 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जा चुका है। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि सुबह सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहन द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने सभी यात्रियों को वाहनों में बिठाकर झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी बुजुर्ग अयोध्या से रविवार 6 जुलाई को वापिसी हिसार आएंगे।


**हिसार ।** अग्रसेन भवन से बुजुर्गों को रवाना करते ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार।

## बिजली निगम की सुनवाई बैठक सात जुलाई को

**हिसार।** बिजली निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 7 जुलाई को बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र कुमार सभरवाल करेंगे। जिसमें मुख्यतः गलत बिलिंग (एक लाख से तीन लाख तक की राशि), वोल्टेज सम्बन्धित, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, खराब मीटर को बदलने में देरी इत्यादि शामिल हैं।

# नारनौंद में हड़ताल को लेकर मोटरसाइकिल यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक नारनौंद द्वारा सैकड़ों की संख्या में 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी को लेकर बाइकों पर सवार होकर शहर के बीचो-बीच जत्था निकला, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रोहतास शर्मा ने की तथा संचालन सचिव सत्यवान रंगा ने किया।

यह प्रदर्शन बिजली बोर्ड से लेकर अनाज मंडी तक किया। सैकड़ों कर्मचारियों ने शहर की अनाज मंडी में जनसभा कर सरकार का विरोध जताया। जनसभा को संबोधित करते हुए रोहतास शर्मा ने बताया कि आने वाली 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भारी संख्या में लोग भाग लेंगे। इस हड़ताल में सभी राष्ट्रीय स्तर के श्रमिक संगठन, किसान, मजदूर, सुई से लेकर हवाई जहाज तक के कर्मचारी, बीमा तथा सभी बैंकों के कर्मचारी भी भाग लेंगे। इस मौके पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता मास्टर फूल कुमार पेटवाड़, देश कबीर, रामदिया शर्मा, राजाराम, वजीर सिंह, बलराम, मनसा राम, नरेश कुमार, देवेंद्र लोहान, अनिल कुमार, महावीर सिंह आदि ने भी भाग लिया।


**हिसार ।** हड़ताल की तैयारियों में लगे भवन निर्माण मजदूर।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेगी कामगार यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विभिन्न मुद्दों को लेकर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भवन निर्माण कामगार यूनियन प्रभावी भागीदारी करेगी। यूनियन ने गांव टोकस और पातन में बैठक की। इसमें हिसार तहसील के सचिव राकेश गंगवा ने कहा कि यूनियन राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़कर हिस्सा लेगी। इस मौके पर टोकस कमेटी के प्रधान आजाद सिंह, उप प्रधान विजेंद्र, सचिव सरोज, कैशियर परवीन, पूनम, लक्ष्मी, सपना, सुनीता, कविता, भतेरी, रोशनी, शकुंतला, गुड्डी, फूली देवी, शीला, कल्पना, सरोज, समेसथा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस थानों में महिला अधिवक्ताओं की ड्यूटियां निर्धारित

**हांसी।** अपराधों की पीड़िताओं को त्वरित व प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने हेतु उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा महिला अधिवक्ताओं की एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक पुलिस थानों में ड्यूटी निर्धारित की गई है। इस योजना का उद्देश्य है कि संवेदनशील मामलों में पीड़ित महिलाओं व बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर ही कानूनी सहायता प्राप्त हो सके।

नियुक्त अधिवक्ता संबंधित पुलिस थानों में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पीड़ितों को आवश्यक विधिक परामर्श देंगी।

# जन और कर्मचारी विरोधी नीतियों का किया विरोध

- कर्मचारियों ने बरवाला शहर में बाइक रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक बरवाला ने बरवाला शहर में बाइक रैली निकाली। यह रैली प्रधान राजपाल बनभौरी की अध्यक्षता में निकाली गई। इसमें बरवाला ब्लॉक के विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जनविरोधी और कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करना था। इस रैली के दौरान कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर कर्मचारियों के साथ दोगला रवैया अपनाने का आरोप लगायाइस दौरान सचिव सुरेश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान संदीप सिहाग, सह सचिव प्रवीण गिल, सत्यवान कुंड, सिंचाई विभाग से जगसीर व नरेंद्र, नगरपालिका से प्रधान सुनील व सचिव राहुल, बिजली बोर्ड से इकाई प्रधान राधेश्याम व सत्यवान सहित अनेक नेताओं ने अपने विचार रखे।

## तलाकी गेट पुल बना बेसहारा पशुओं की शरणस्थली

**हिसार।** कई वर्ष पहले तलाकी गेट के पास बनाए गए लोहे के ओवरब्रिज के लेकर समाजसेवी एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनु अग्रवाल ने कहा कि यह पुल लोगों के आवागमन की बजाय बेसहारा पशुओं के शरणस्थली तथा होर्डिंग्स लगाने का स्थल बनकर रह गया है। उनका कहना है कि तलाकी गेट चौक से बस स्टैंड की तरफ पैदल जाने वाले लोगों के लिए आवागमन बारे यह पुल बनाया गया था, लेकिन आज तक हिसारवासियों के लिए यह काम नहीं आया। आज यह पुल शहरवासियों के लिए सफेद हाथी बन गया है। आवागमन सुलभ बनाने के लिए बनाया गया, यह पुल तलाकी गेट के आसपास जाम की समस्या की एक वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि जितना पैसा सरकार ने इस पुल पर लगाया है उतना पैसा सरकार सभी वार्डों में विकास कार्यों में लगाती तो जनता को इसका फायदा मिलता।



# 30 सितंबर तक होंगे विधिक जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा- निर्देशानुसार उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा 30 सितंबर तक विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

आगामी 6 जुलाई को वकील मनजीत कुमार तथा साइना यादव, 12 जुलाई को वकील सुनील कुमार, 13 जुलाई को अधिवक्ता ममता मिगलानी, 20 जुलाई को अधिवक्ता भतेरी देवी, 26 जुलाई को वकील विनय सैनी, 27 जुलाई को वकील अतुल कुमार, 3 अगस्त को अधिवक्ता प्रदीप कुमार, 9 अगस्त को अधिवक्ता अजय कुमार लोहान, 10 अगस्त को अधिवक्ता मोहित कुमार, 17 अगस्त को अधिवक्ता मनदीप मलिक शिविरों के माध्यम लोगों को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाएंगे।

# आधा किलो अफीम बरामद, दो तस्कर स्कॉर्पियो सहित गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने दो युवकों को करीब सवा लाख रुपये की करीब आधा किलोग्राम अफीम व गाड़ी स्कॉर्पियो सहित काबू किया है। आरोपियों की पहचान अरविंद कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी अबूबशहर व नरेंद्र कुमार पुत्र दलीप सिंह निवासी जंडवाला जाटान के रूप में हुई है।

एएनसी स्टाफ प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि दो युवक अपनी गाड़ी में नशा तस्करी का काम करते हैं और आज भी नशा तस्करी की फिराक में है। सूचना पाकर पुलिस ने गांव गंगा से गांव जंडवाला बिश्नोईयां रोड पर नाकाबंदी शुरू की तो कुछ समय बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रूकवा कर गाड़ी में सवार दोनों युवकों को काबू करके तलाशी ली तो आरोपियों केकब्जे से अफीम बरामद हुई। आरोपियों अरविंद कुमार व नरेंद्र कुमार को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ कर इस अफीम तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों बारे जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।


**सिरसा।** पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी।

# भिरड़ाना में दीवार तोड़कर दुकान में घुसे चोर, लाखों की कीमत के फोन चुराये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के गांव भिरडाना में शुक्रवार अलसुबह चोरों ने एक मोबाइल शॉप में घुसकर लाखों रुपये के मोबाइल चोरी कर ले गए।

चोर दुकान की पिछली दीवार तोडक़र अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पर आया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर उसने इस बारे पुलिस को सूचना दी। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। गांव भिरड़ाना स्थित आरके मोबाइल शॉप के संचालक मुकेश वर्मा ने बताया कि गुरूवार रात को वह दुकान को बंद करके घर चला गया था। शुक्रवार सुबह जब वह दुकान पर आया और दुकान का शट्टर खोला तो पाया कि दुकान में सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने अंदर जाकर जांच की तो पाया कि दुकान के पीछे की दीवार भी टूटी हुई थी।


**फतेहाबाद।** भिरड़ाना में दुकान में हुई चोरी मामले में जांच करती पुलिस टीम।

# बाढ़ आने की स्थिति में जिले के किसी भी 33 केवी सब स्टेशन में न घुसे पानी, व्यापक प्रबंध किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई ऑपरेशन सर्कल ने फतेहाबाद व टोहाना के कार्यकारी अभियंताओं को पत्र लिखकर कहा है कि बाढ़ आने की स्थिति में जिले में किसी भी 33 केवी सब स्टेशन में पानी न घुसे, सब स्टेशनों के अंदर और आसपास जल भराव को रोकने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

इसके अलावा लटकती तारें, झुके हुए खंबों को भी दुरूस्त किया जाए। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविरों में तत्काल बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और सिंचाई विभाग को पानी निकालने के लिए अस्थाई कनैक्शन देने में देरी न की जाए। उपायुक्त मनदीप कौर के साथ बैठक के बाद कार्यकारी अभियंताओं को जारी पत्र एसई ऑपरेशन सर्कल ने कहा कि फतेहाबाद जिले की नदियां उफान पर हैं। बारिश का मौसम अभी शुरू हुआ है, ऐसे में बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। बाढ़ आने की स्थिति में राहत कार्य व बचाव के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को तैयार रहना होगा। इसके लिए जमीन पर पड़े सभी केबल व नीचे लटकती तारों की जांच कर उन्हें सुधारा जाए। तारों, कंडक्टरों व केबलों में कहीं भी ढीलापन है तो उन्हें बिना देरी के ठीक किया जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके। 33 केवी सब स्टेशनों में पानी न घुसे, इसके लिए इनके चारों ओर पर्याप्त व्यवस्था की जाए। झुके हुए खंबों को सही किया जाए। बाढ़ आने की स्थिति में राहत शिविरों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।




केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध, 9 जुलाई को हड़ताल की तैयारी

# कर्मचारियों ने बाइक रैली से जताया विरोध

- नारेबाजी की और आम जनता को जागरूक करने का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

केंद्र सरकार की जनविरोधी और निजीकरण को बढ़ावा देने वाली नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों के तहत शुक्रवार को हांसी ब्लॉक की तमाम ट्रेड यूनियनों ने शहर में बाइक जुलूस निकाला।

इस जुलूस की अध्यक्षता संयुक्त रूप से संघ प्रधान रविंद्र शर्मा और भवन निर्माण यूनियन प्रधान महेंद्र सिंह ने की। बाइक जुलूस में आईटीआई, सिंचाई, बीएंडआर, जनस्वास्थ्य, नगरपालिका, स्वास्थ्य, बिजली, इंटक, एटक, सीटू और अन्य विभागों से जुड़े कर्मचारी एवं मजदूरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मुख्य बाजारों से गुजरते हुए मोटरसाइकिल जत्थे ने सरकार की आमजन विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता को जागरूक करने का प्रयास किया। निजी हाथों में बेचे जा रहे संस्थान जुलूस को संबोधित करते हुए राज्य उपाध्यक्ष कृष्ण नैन और जिला प्रधान सुरेंद्र यादव ने कहा कि देश की आजादी के बाद जब पूंजीपतियों ने सार्वजनिक क्षेत्र को खड़ा करने से इनकार कर दिया, तब सरकार ने आम जनता के टैक्स के पैसे से इन संस्थानों को स्थापित किया, लेकिन आज ये लाभदायक संस्थान कौड़ियों के भाव निजी हाथों में बेचे जा रहे हैं।


**हांसी ।** बाइक रैली में भाग लेते विभिन्न विभागों के कर्मचारी।

### निगम की ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध

राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव (ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन) ने बताया कि 7 जुलाई को एचवीपीएन कार्यालय पंचकूला पर निगमों द्वारा जारी ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 9 जुलाई को सभी ब्लॉकों में व्यापक प्रदर्शन किए जाएंगे। स्तरीय टीमें हर विभाग में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों से संपर्क कर रही हैं, ताकि हड़ताल को व्यापक समर्थन मिल सके।

# नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की आमजन से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल के नेतृत्व में शहर में मोटरसाइकिल जत्था निकाल कर प्रदर्शन किया और आम जनता व दुकानदारों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की।

इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारियों व आम जनता में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार जन विरोधी फैसले ले रही हैं। कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता में सरकार नीतियों के खिलाफ भारी आक्रोश है।



जत्थे में जिला वरिष्ठ उप प्रधान नरेश गौतम, जिला सचिव राजेश बागड़ी, जिला सह सचिव अशोक सैनी, ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर, अनिल वर्मा, सुरेंद्र चहल, अरूण यादव, दीपक मेहरा, विनोद फ़ौजी, रामू शर्मा, दीपक लोट, राकेश शर्मा, सुरेंद्र फौजी, दीपक शर्मा सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कापड़ो में 1. रामसरा तालाब (Sc रिजर्व), 2. नया तालाब (Sc रिजर्व), 3. ढाब वाला तालाब (Gen.) 4. फुल्लु साध वाला तालाब (Gen.)5. स्कूल के पास वाला तालाब (Gen.) को मछली पालन हेतु पट्टे पर देने के लिए खुली नीलामी दिनांक 07.07.2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी। जमानत राशि मु. 50,000/- होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। इच्छुक बोलीदाता बोली में भाग ले सकता है।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत कापड़ो
ब्लॉक नारनौंद, हिसार
मो. नं. 9416094240

खबर संक्षेप

### जून में 18234 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया की रोकथाम को लेकर गत माह जिलेभर में एक खास अभियान चलाकर सैंपलिंग की गई। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि जून माह के दौरान जिले में 18 हजार 234 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया के 4 केस सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति में मलेरिया के लक्षण नजर आते हैं तो वे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य करवाएं।

### 12 जुलाई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हिसार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 12 जुलाई (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर किया जाएगा। सीजेएम अशोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामले, वैवाहिक व पारिवारिक विवाद, दीवानी वाद (सिविल सूट्स), फौजदारी जमानती मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, बिजली व जल बिल विवाद (यदि आपसी सहमति संभव हो), राजस्व संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान व समरी चालान व अन्य सभी प्रकार के छोटे व समझौता योग्य मामलों का आपसी सहमति से अधिक से अधिक निपटान किया जाएगा।

### अंडरपास के बीच बाइक सवार युवक को पीटा

**हिसार।** सूर्यनगर अंडरपास के बीच गुरुवार की देर रात मोटरसाइकिल सवार एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने बाहक सवार नीलेश वासी सूर्यनगर के पास से अढ़ाई तोले सोने की चैन भी छीन ली और मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। हमलावरों की संख्या 6 बताई गई और वे सभी 3 मोटरसाइकिल पर सवार थे। पुलिस अंडरपास के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने में जुटी है।

### अवैध शराब की 32 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान पुलिस चौकी भाटला ने 32 बोतल अवैध शराब सहित भाटला निवासी बलवान व राहुल को गिरफ्तार किया गया है। भाटला पुलिस चौकी में तैनात एसआई कर्मबीर ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान शक के आधार पर ली गई तलाशी के दौरान दो व्यक्तियों के पास 32 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। अवैध देसी शराब को पुलिस कब्जा में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सदर हांसी में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शिकारपुर में किया सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास, लोगों को मिलेंगी सुवाधाएं

# सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने में जुटी : कैबिनेट मंत्री

एडीसी सी जयाश्रद्धा ने समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शिकारपुर-नियाणा रोड से लेकर श्मशान घाट/सरकारी स्कूल होते हुए बालसमंद ब्रांच पुल तक संपर्क सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बनाई जा रही हैं। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी। इससे किसान अपनी फसल को आसानी से मंडियों तक पहुंचा सकेंगे और विद्यार्थियों को स्कूल तक पहुंचने में भी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि इस सडक़ का निर्माण लंबाई, चौड़ाई और निर्माण मानकों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण सामग्री व तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा 13 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति के राज्यस्तरीय समारोह में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भिवानी पहुंचने के लिए प्रेरित किया।





हिसार | सडक़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, शिकारपुर के सरपंच रोहताश, बिजेन्द्र बेनीवाल, राजेंद्र श्योराण, राजकुमार, विकास, धुपसिह, रामनिवास सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा करें अधिकारी : एडीसी

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि स्वयं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाधान शिविरों की शिकायतों पर निगरानी रख रहे हैं। ऐसे में सभी विभाग प्रमुखों को चाहिए कि वे इन शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका शीघ्र समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।



### सेना भर्ती रैली की तैयारियों पर मंथन

**हिसार।** जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैन्य छावनी परिसर में 1 अगस्त होने वाली सेना भर्ती रैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। उन्होंने बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को रैली के सफल आयोजन के लिए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को रैली स्थल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल तैनात करने करने के निर्देश दिए। अलसुबह 4 बजे हो मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सिविल सर्जन को रैली के दौरान अलसुबह लगभग 4 बजे से मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेडिकल स्टाफ की अनुपस्थिति में शारीरिक परीक्षण, विशेष रूप से दौड़, शुरू नहीं होगी। परिवहन अधिकारी को रैली के दिनों में टीसीपी-2, हिसार कैंट के पास राज्य परिवहन बसों की व्यवस्था करने का निर्देश दिए गए।

### बीमा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हिसार। भारतीय जीवन बीमा निगम की हिसार स्थित दोनों शाखाओ के कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय के समक्ष मांगो को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए रोहतक मंडल के अध्यक्ष त्रिलोक बंसल, सुरेन्द्र पूनिया ने अपनी मांगो को दोहराते हुए कहा कि मानसून सत्र में आने वाला बीमा संशोधन बिल एलआईसी के हित में नहीं है जिसका विरोध किया जाएगा। बढ़ते कार्यभार के बावजूद तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की भर्ती न होना, पुरानी पेंशन की बहाली एव नए लेबर कानून का विरोध आदि मांगो को लेकर बीमा कर्मचारी फरवरी माह में एक घंटे का हुआ काट कर चुके हैं। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर 9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों की संयुक्त राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बीमा कर्मचारी पूर्ण रूप से भागीदारी करेंगे। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष त्रिलोक बंसल, सुरेंद्र पूनिया, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, विनोद कुमार, राजेनद्र कुमार, रणजीत कौर,उषा ग्रोवर, रंजन, अजीत सिंह, विपिन, दिनेश, अनूज, सपना,राखी, पूजा, शालिनी, अनुपमा, अन्नु, प्यारे लाल मौजूद रहे ।

## गंगवा ने अत्याधुनिक विद्युत मरम्मत वाहन को दिखाई हरी झंडी

- चलती लाइन में होगा बिजली सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

प्रदेश सरकार द्वारा बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अत्याधुनिक बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। बरवाला विद्युत मंडल को आज एक अत्याधुनिक वाहन प्रदान किया गया है, जिसकी सहायता से अब चलती लाइन में भी बिजली सुधार कार्य किया जा सकेगा। इस वाहन की अनुमानित लागत लगभग 5 करोड़ रुपये है।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बरवाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस विशेष वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह वाहन क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत व जवाबदेह बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह अत्याधुनिक वाहन सभी सुरक्षा उपकरणों, हाइड्रोलिक क्रेन, इंसुलेटेड बॉडी तथा लाइफ लाइन सुधार संबंधी तकनीक से लैस है, जो विशेष रूप से लाइव लाइन मेंटेनेंस के लिए तैयार किया गया है। इस तकनीक से बिजली आपूर्ति को बंद किए बिना तारों, ट्रांसफॉर्मरों व अन्य उपकरणों की मरम्मत की जा सकती है।

उन्होंने विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस वाहन का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में समय पर बिजली सुधार कार्य करते रहें।




**बरवाला ।** अत्याधुनिक बिजली वाहन को जनता को समर्पित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर बरवाला डिवीजन के दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन विनीत पात्तड़, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, भाजपा नेता रणधीर सिंह धीरु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

## हांसी को मिला श्री श्री का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी की आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना को एक नई ऊंचाई मिली है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक, विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी ने हांसी की बेटी श्वेता जैन को सहज समाधि ध्यान योग की अधिकृत शिक्षक के रूप में नियुक्त किया है। यह हांसी शहर के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है क्योंकि यह पद पहली बार इस क्षेत्र की किसी साधिका को प्राप्त हुआ है।

### योग, सेवा और शिक्षा का अद्भुत संगम

श्वेता जैन भारत सरकार द्वारा प्रमाणित योग प्रशिक्षक हैं तथा श्री श्री स्कूल ऑफ योग से प्रशिक्षित श्री श्री योग शिक्षक भी हैं। वे आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम, श्री श्री योग, उत्कर्ष योग, मेधा योगा, रूरल हैप्पीनेस, प्रिजन प्रोग्राम योग कार्यक्रमों में सक्रिय रही हैं। श्वेता जैन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत 1 लाख से अधिक लोगों को शपथ दिलवाई। वर्तमान में श्वेता जैन एमकॉम, बीएड की योग्यता के साथ श्री काली देवी विद्या मंदिर में कॉमर्स अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं।



**हांसी ।** श्री श्री रविशंकर द्वारा भेजी गए सहज समाधि प्रशस्ति पत्र के साथ श्वेता जैन फोटो : हरिभूमि

**साधना और**

श्वेता जैन ने यह उपलब्धि यूं ही नहीं प्राप्त की। उन्होंने 9 जून 2025 से 30 जून 2025 तक संयम-2, योग लेवल-2 और सहज टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम जैसी उच्च स्तरीय साधनाओं में रोजाना लगभग 12 घंटे तक कठोर साधना की। इस अंर्तयात्रा, तपस्या और गुरु चरणों में समर्पण का ही परिणाम है कि उन्हें यह दिव्य उत्तरदायित्व सौंपा गया।

## सरसों के तेल के रेट को बढ़ाकर सरकार ने गरीबों का निवाला छीना

- बीपीएल अब तक जो सरसों तेल 20 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलता था, वही अब 50 रुपये प्रति लीटर हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता योगेश सिहाग ने कहा है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों (बीपीएल) और अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले सरसों के तेल की कीमतों में ढाई गुना वृद्धि कर, गरीबों की थाली से सीधे निवाला छीनने का काम किया है। एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि बीपीएल अब तक जो सरसों तेल 20 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलता था, वही अब 50 रुपये प्रति लीटर हो गया है, यानि 2 लीटर तेल अब 100 रुपये में मिलेगा, जो पहले सिर्फ 40 रुपये में मिलता था।

उन्होंने सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे जनविरोधी, अमानवीय और पूरी तरह गरीब विरोधी निर्णय करार दिया।



एडवोकेट योगेश सिहाग।

### भीम आर्मी की सामाजिक न्याय संकल्प सभा आज

**हिसार।** भीम आर्मी की ओर से 5 जुलाई को प्रातः 10 बजे सामाजिक न्याय संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिरसा रोड स्थित गुरु रविदास छात्रावास होगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मा. कमल कुमार बराड़ा मुख्य अतिथि होंगे। भीम आर्मी नेता संतलाल अंबेडकर ने बताया कि यह सभा सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों, दलित-पिछड़े समाज के प्रश्नों और संगठनात्मक दिशा पर आधारित होगी। इसके अलावा यह सभा सामाजिक जागरूकता और युवाओं को संगठन से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम होगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## वीडीजेएस ने जीती सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल ने उत्तराखंड के सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल देहरादून में आयोजित अंडर-17 आईपीएससी गर्ल्स सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। विद्यालय की टीम ने अपने पहले मैच में बिरला बालिका स्कूल, पिलानी को 5-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में मेयो स्कूल को 9-0 से हराया। तीसरे मैच में पाइनग्रोव को 7-0 से हराया। चौथे मैच में सैनिक स्कूल को 15-0 से हराया। सेमी फाइनल मैच में पाइनग्रोव को 5-0 से हराया तथा फाइनल मैच में विद्या देवी जिंदल स्कूल ने बिरला बालिका स्कूल, पिलानी के खिलाफ 5-0 के शानदार स्कोर के साथ जीत हासिल की। जिसमें कर्षणा पेरिवाल एवं निशिता देवली ने 2-2 एवं धृति मारू ने 01 गोल किया। निशिता देवली को पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल करने के कारण 'गोल्डन बूट' का ख़िताब भी मिला। पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमें विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार के ख़िलाफ़ एक भी गोल नहीं कर पाई। विद्यालय के सात खिलाड़ियों समृद्धि राय, तमन्ना ढांडा, कर्षणा पेरिवाल, निशिता देवली, पलक अग्रवाल, धृति मारू और नव्या कुमार को झारखंड में आयोजित अंडर-17 एसजीएफआई राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया है। टीम की इस सफलता में कोच संदीप क्षत्रिय की प्रमुख भूमिका रही। टीम की इस सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने बधाई देते हुए आगामी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें कि गत वर्ष भी विद्यालय की टीम अंडर-17 आईपीएससी प्री गर्ल्स सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता रही थी।




**हिसार।** जीत की खुशी मनाती वीडीजेएस की विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

## रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों ने शिविर से लौटकर कुलपति से मिले

# गुजवि की रेडक्रॉस इकाई की महिला वर्ग टीम ने बेस्ट कोर्डिनेटर की ट्रॉफी जीती

शिविर में रेड क्रॉस की पुरुष तथा महिला टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई की महिला वर्ग टीम ने हरियाणा रेडक्रॉस शाखा द्वारा हिमाचल प्रदेश के मनाली आयोजित किए गए एडवेंचर शिविर में बेस्ट कोर्डिनेटर टीम ट्रॉफी जीती। इस शिविर में विश्वविद्यालय की रेड क्रॉस की पुरुष तथा महिला वर्ग दोनों टीमों ने भाग लिया।

राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर से लौटे स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मुलाकात की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय में हो रही रेडक्रॉस की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस के उद्देश्यों में मानव सेवा एवं जरूरतमंदों को सहायता करने के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल हैं। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने बताया कि हरियाणा राज्य रेड क्रॉस शाखा के द्वारा महिला वर्ग व पुरुष वर्ग के लिए शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के मनाली में किया गया। महिला वर्ग में स्वयंसेविका रितु, निया, काजल, मनीषा, आस्था व सुदेश ने एवं पुरुष वर्ग में स्वयंसेवक आदित्य व युवराज ने शिविर में भागीदारी की। पुरुष वर्ग के साथ शिविर के दौरान विश्वविद्यालय के फील्ड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र श्योराण रिसोर्स पर्सन रहे।



हिसार। स्वयंसेवकों से मुलाकात करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**हिसार।** 132 केवी आर्यनगर से 132 केवी भोजराज के बीच नए टावर लाइन कार्य के चलते 33 केवी चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति 5 जुलाई को सुबह 8 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए गंगवा सब डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि बिजली निगम के अनुसार यह कटौती आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते की जा रही है, जिससे क्षेत्र में भविष्य में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि में कोई आवश्यक कार्य बिजली पर निर्भर हो तो पहले से योजना बनाकर कर लें। जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, उन फीडरों में आरडीएस 11 केवी पनिहार, मुकलान, बिमला इंडस्ट्रीज, चौधरीवास वाटर वर्क्स तथा चौधरीवास एपी शामिल है।

**सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार**

हांसी। किला बाजार पुलिस चौकी ने सट्टा खाईवाल करते हुए 1490 रुपये सहित ढाणी पाल सत्यवान को गिरफ्तार किया गया है। किला बाजार चौकी प्रभारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हांसी किले के उपर सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन कर टीम ने मौका पर पहुंच सत्यवान को 1490 रुपये सहित गिरफ्तार करके रुपयों को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शहर थाना हांसी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

